>

Title: Regarding under utilization of budget sanctioned under Jal Jeevan Mission in Rajasthan.

श्री बालक नाथ (अलवर): सर, मैं माननीय प्रधान मंत्री और जल शक्ति मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा। लोक सभा चुनाव के पूर्व माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो संकल्प लिया है कि जल-जीवन मिशन के तहत सन् 2024 तक हर घर में नल से जल की योजना के माध्यम से हर घर में शुद्ध पानी पहुंचाने का काम करेंगे। मैं धन्यवाद करना चाहूंगा कि इस योजना के अंतर्गत सबसे पहली जो इस योजना का इम्पिलिमेंट हुआ और उसमें राजस्थान के सभी जिलों के अंदर अलवर में सबसे ज्यादा गांवों को उनका बजट सैंक्शन करने कार्य माननीय प्रधान मंत्री जी ने किया है, मैं उनका धन्यवाद करूंगा। उसके साथ-साथ मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी और राजस्थान सरकार से यह भी निवेदन करना चाहता हूँ कि हमारी केंद्र सरकार ने जल-जीवन मिशन के अंदर जो बजट दिया, उस बजट का अभी तक राजस्थान सरकार ने केवल 25-30 पर्सेंट पैसा ही खर्च किया है। मैं इस सदन के माध्यम से राजस्थान सरकार को भी कहना चाहूंगा कि जल्दी से जल्दी क्योंकि जल जीवन का सबसे महत्वूपर्ण होता है और पानी की समस्या, प्रत्येक सदन में, हम जब से आए हैं कि देखते हैं कि हरेक सांसद की मांग है कि हरेक के क्षेत्र में पानी की समस्या है। सबका उद्देश्य है कि पानी की इस समस्या का निवारण है।

मैं दूसरी छोटी सी बात यह कहना चाहूंगा कि अलवर एक बहुत ही पौराणिक और ऐतिहासिक विषय का शहर है।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, शून्य काल में एक ही विषय आता है।

22.00hrs

श्री बालक नाथ : सर, अलवर बहुत ही पौराणिक शहर है। राजस्थान के 45 प्रतिशत उद्योग अलवर में हैं, जो कि नीमराना, भिवाड़ी, एम.आई.ए., इन सभी क्षेत्रों का नाम एशिया में है। वहां भूजल का बहुत ही व्यापक स्तर पर दोहन हो रहा है।

माननीय सभापति: शून्य प्रहर में एक ही विषय रखा जाता है।

श्री बालक नाथ: माननीय सभापति जी, मैं जल के विषय पर ही बोल रहा हूं। अलवर के अन्दर भूजल लगातार गिरता जा रहा है। अभी 1200-1300 फीट पर भूजल है।